इंटर्नशिप रिपोर्ट 2020 - 2022

नई शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों एवं दिशा निर्देशों को ध्यान में रखकर श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सबसे पुराने संकायों में से एक शिक्षक शिक्षा विभाग (बी.एड.) के सत्र 2020-22 के तृतीय सेमेस्टर के छात्रों का इंटर्नशिप (4 माह / 16 सप्ताह) कार्यक्रम दिनांक 30.08.2021 से 15.01.2022 तक जनपद बलिया के विभिन्न स्कूलों यथा दयानंद जूनियर हाईस्कूल बलिया, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवकली बलिया तथा श्री मुरली मनोहर टाउन इंटर कॉलेज बलिया में संपन्न हुआ। इसमें छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं ने कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक की कक्षाओं में शिक्षण अभ्यास किया और पाठ्य सहगामी क्रियाओं में सहभागिता दी।

इंटर्नशिप के दौरान उन्होंने निर्धारित 40 पाठ योजनाओं का निर्माण व शिक्षण अभ्यास करना था। विभिन्न श्रव्य दृश्य सामग्रीओं का प्रयोग कर शिक्षण संप्रत्ययो को बोधगम्य बनाने की कला का अभ्यास कराया गया।इसी दौरान प्रतिभागियों को पाठ्य सहगामी क्रियाओं में प्रतिभाग करने का अवसर भी मिला। विद्यालय की सभी गतिविधियों जैसे प्रार्थना सभा से लेकर छुट्टी के पूर्व की सभा तक सभी प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इंटर्नशिप के दौरान ही परीक्षा करना एवं रिपोर्ट कार्ड तैयार करना सिखाया गया। इसी में प्रतिभागियों ने साप्ताहिक मासिक त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक परीक्षा में प्रतिभाग कर वास्तविक अनुभव प्राप्त किया।

क्रियात्मक अनुसंधान के सैद्धांतिक ज्ञान का क्रियान्वयन परअनुभव प्राप्त किया क्रियात्मक अनुसंधान के सैद्धांतिक ज्ञान का क्रियान्वयन पर शिक्षण अधिगम संबंधित कठिनाई को दूर करने का प्रयास किया गया।

प्रतिभागियों की इन सभी गतिविधियों का निरीक्षण उक्त स्कूलों के प्रधानाध्यापक व संबंधित विषय के अध्यापक द्वारा समय-समय पर किया जाता रहा। इस कार्य में श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया के बी.एड. विभाग के प्रभारी डॉ ओंकार सिंह , प्राध्यापक डॉ रमाकांत सिंह , डॉक्टर संजय कुमार सरोज और डॉक्टर भारतेंदु मिश्रा द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया जिसमें प्रतिभागियों को धनात्मक पुनर्बलन एवं निर्देशन प्राप्त होता रहा। इस प्रकार से इंटर्नशिप का कार्यक्रम ससमय सकुशल संपन्न हुआ।

धन्यवाद